दिन– गुरूवार दिनांक– 14 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने घरेलू कीमतों पर नियंत्रण के लिए इस वर्ष सितंबर तक चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया।

02. बिहार विधान परिषद की भोजपुर–बक्सर स्थानीय प्राधिकार सीट उपचुनाव की मतगणना जारी। जदयू के कन्हैया प्रसाद और राजद के सोनू राय समेत छह प्रत्याशियों की किस्मत का होगा फैसला।

03. राज्य सरकार इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहन खरीदने पर महिलाओं को प्रति वाहन एक लाख रुपये का अनुदान देगी।

04. और, पटना, अररिया, किशनगंज तथा कटिहार समेत प्रदेश के छह जिलों में आज होगा ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन।

**अब समाचार विस्तार से.........**

———————————————————

केंद्र सरकार ने सितंबर दो हजार छब्बीस या अगले आदेश तक खांड, सफेद चीनी और परिष्कृत चीनी के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधीन विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, चीनी निर्यात नीति को प्रतिबंधित से निषिद्ध कर दिया गया है। यह प्रतिबंध यूरोपीय संघ और अमेरिका को सीएक्सएल तथा टीआरक्यू कोटा, अग्रिम प्राधिकरण योजना और अन्य देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निर्यात की जा रही चीनी पर लागू नहीं होगा। निर्यात प्रक्रिया में पहले से मौजूद खेपों को भी छूट दी गई है।

———————————————————

बिहार विधान परिषद की भोजपुर सह बक्सर स्थानीय प्राधिकार सीट के लिए उपचुनाव की मतगणना आज हो रही है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि आरा स्थित राजकीय बालिका विद्यालय में मतगणना को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। इस सीट पर जदयू के कन्हैया प्रसाद तथा राजद के सोनू राय के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है। इसके अलावा, चार निर्दलीय प्रत्याशी भी मैदान में हैं। बारह मई को

मतदान कराया गया था। गौरतलब है कि यह सीट पूर्व एमएलसी राधाचरण साह के विधानसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद रिक्त हुई है।

——————————————————————

राज्य सरकार महिलाओं को इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहन खरीदने पर प्रति वाहन एक लाख रुपये का अनुदान देगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रीपरिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया। मंत्रिमंडल सचिवालय के अपर मुख्य सचिव अरविन्द कुमार चौधरी ने प्रेसवार्ता में बताया कि दो पहिया और तिपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद में भी महिलाओं को अनुदान दिया जाएगा। साथ ही सभी गाड़ियों के निबंधन दर में पचास प्रतिशत की राहत दी जाएगी।

——साउंड बाइट——

राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कुल अठारह एजेंडों पर मुहर लगी है।

——————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन की खपत कम करने की अपील का बडा प्रभाव पड़ा है और पेट्रोल और डीजल का उपयोग कम हुआ है। प्रधानमंत्री ने अपने काफिले का आकार काफी कम करके एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसके बाद गृह मंत्री अमित शाह सहित भाजपा शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्रियों और अन्य नेताओं ने भी ऐसा ही कदम उठाया है। इधर, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत कई मंत्रियों ने भी अपने काफिले के आकार में कमी की है। पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से प्रत्येक शुक्रवार को सार्वजनिक वाहनों या ई—वाहनों के जरिए कार्यालय पहुंचने की अपील की है।

——————————————————————

तेल कंपनियां राज्य में अब दस लाख से अधिक आय वाले उपभोक्ताओं को गैस सब्सिडी नहीं देगी। इस संबंध में आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल कंपनियों की ओर से उपभोक्ताओं के निबंधित मोबाईल पर यह संदेश भेजा जा रहा है। बिहार राज्य एलपीजी वितरक संघ से प्राप्त जानकारी के अनुसार तेल कंपनियों की ओर से भेजे जा रहे संदेश में सात दिनों के अंदर प्रतिक्रिया मांगी गई है। यदि उपभोक्ता आपत्ति नहीं जताता है, तो इन सभी की गैस सब्सिडी बंद कर दी जाएगी।

——————————————————————

एयर इंडिया ने अंतरराष्ट्रीय उडानों की संख्या में कमी लाने का फैसला किया है। इसके लिए विदेशी मार्गों पर कुछ सेवाएं अस्थायी रूप से रोक दी गई हैं। यह फैसला वायु क्षेत्र नियंत्रण और विमान ईंधन के ऊंचे मूल्य को देखते हुए किया गया है। यह कटौती इस वर्ष जून से अगस्त तक के लिए होगी।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज दरभंगा जिले में विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री दरभंगा हवाई अड्डे की सुरक्षा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल—सीआईएसएफ को हस्तांतरित किये जाने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री जिले के शोभन में एम्स के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा भी करेंगे। साथ ही वे डीएमसीएच में चल रहे कार्य की प्रगति को लेकर भी अधिकरियों के साथ विमर्श करेंगे। मुख्यमंत्री के दरभंगा आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं।

———————————————————————

समाज कल्याण विभाग ने प्रदेश में विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए तीस मई तक लाभार्थियों को अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करने का निर्देश दिया है। समाज कल्याण मंत्री श्वेता गुप्ता ने पटना में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में कहा कि गरीब परिवारों के वृद्ध, निशक्त, विधवा और कुष्ठ पीड़ित लोगों को विभिन्न योजना का लाभ लेने के लिए यह प्रमाण पत्र जमा करना होगा। इससे योजनाओं से वंचित पात्र लाभुकों को जोड़ने में मदद मिलेगी।

———————————————————————

प्रदेश में जनगणना दो हजार सत्ताईस के पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण और गणना का कार्य सुचारू रूप से जारी है। जनगणना कार्य निदेशालय की मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी सह निदेशक रंजिता ने आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में बताया कि इकतीस मई तक चलने वाली इस प्रक्रिया के तहत प्रगणक नागरिकों से तैंतीस प्रकार के सवालों की जानकारी लेंगे। श्रीमती रंजिता ने लोगों से जनगणना के नाम पर साइबर फ्रॉड से सतर्क रहने की अपील की है।

———बाइट———

जनगणना निदेशक की आकाशवाणी समाचार के साथ इस पूरी बातचीत को प्रादेशिक समाचार एकांश, पटना की ओर से प्रसारित सामयिक चर्चा के तहत सुना जा सकता है। यह कार्यक्रम शनिवार शाम सात बजकर बावन मिनट से प्रसारित किया जाएगा।

———————————————————

पटना, अररिया, किशनगंज और कटिहार समेत प्रदेश के छह जिलों में आज ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। मॉक ड्रिल के तहत शाम सात बजे से सात बजकर पंद्रह मिनट तक पूर्व निर्धारित नागरिक सुरक्षा अभ्यास के तहत ब्लैक आउट किया जाएगा। इस दौरान आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर सभी सार्वजनिक लाइटें बंद कर दी जायेंगी। किशनगंज के जिलाधिकारी विशाल राज ने लोगों से ब्लैक आउट मॉक ड्रिल में सहयोग की अपील की।

——साउंड बाइट——

———————————————————

मौसम विभाग ने आज सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया और कटिहार सहित सात जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है।

——सांउड बाइट——

मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष मई महीने में प्रदेश में अब तक सामान्य से एक सौ सत्तर प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गयी है। इस बीच, प्रदेश के दक्षिणी भागों में बारिश की गतिविधियां कम होने के साथ ही तापमान में बढ़ोतरी हुई है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान चालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ कैमूर का भभुआ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। रोहतास के डेहरी का अधिकतम तापमान अड़तीस दशमलव आठ और पटना का अधिकतम तापमान पैंतीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————

बिहार न्यायिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा तीन जून को पटना और अन्य जिलों में चयनित केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा का आयोजन दो पालियों में

होगा। असैनिक न्यायाधीश कनीय कोटी की एक सौ तिहत्तर रिक्तियों पर नियुक्ति के लिए आयोजित परीक्षा में पद्रह हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण के बगहा पुलिस जिला के कस्तूरबा आवासीय विद्यालय, की आठवीं कक्षा की छात्रा अमृता ने कुछ देर के लिए पुलिस अधीक्षक की ज़िम्मेदारी निभायी। बगहा की प्रभारी एसपी निर्मला कुमारी ने अमृता को यह अवसर दिया। इस दौरान अमृता ने पुलिस पदाधिकारी बनकर लोगों की समस्याये भी सुनी।

———————————————————————

भागलपुर के सरस्वती विद्या मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में संचार संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

———————————————————————

मधुबनी के जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने जनगणना कार्य में लापरवाही के मामले में एक सौ अठारह पंचायत सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इधर, जिले में घरेलू गैस आपूर्ति में अनियमितताओं को लेकर छापेमारी अभियान के तहत चार गैस एजेंसियों के गोदामों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है

———————————————————————

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने शिवहर जिला कृषि कार्यालय में कार्यरत प्रधान सहायक विजेंद्र कुमार गिरी को आठ हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह ने बताया कि आरोपीएक महिला से खाद दुकान का लाइसेंस दिलाने के नाम पर रिश्वत के रूप में रुपये ले रहा था।

———————————————————————

मधुबनी के अंतरराष्ट्रीय पैरा तैराक शम्स आलम ने स्वीडन में आयोजित पैरा स्विम ओपन फाल्केनबर्ग इंटरनेशनल चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता है। शम्स ने सौ मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए यह पदक हासिल किया है। इसके साथ ही उन्होंने अक्टूबर में जापान में आयोजित होने वाले एशियाई पैरा गेम्स की तीनों स्पर्धाओं के लिए क्वालिफाई कर लिया।

———————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज पंजाब किंग्स का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे से धर्मशाला में खेला जाएगा।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने राज्यमंत्रिमंडल से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – राज्यकर्मियों के महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत की बढ़ोतरी हुयी।

इसी खबर को **दैनिक जागरण** ने प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है – मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुयी बैठक में अठारह प्रस्ताव किये गए स्वीकृत। कैबिनेट का फैसला– दो हजार तीस तक बैट्रीचालित वाहनों की तीस प्रतिशत हिस्सेदारी करने की योजना।

**दैनिक भास्कर** की विशेष खबर है – भाषाओं की खामोशी से बौद्धिक विरासत ही नहीं जिंदगी भी खतरे में, बुर्जुर्गों से संवाद–उनके किस्से देंगे नया जीवन।

**प्रभात खबर** सीबीएसई बारहवीं के नतीजे से जुड़ी खबर को अपनी लीड बनाते हुए लिखा है – साईंस में पटना के रोहन, आटर्स में अतुल और कॉमर्स में गया की माही कुमारी स्टेट टॉपर।

**आज अखबार** ने लिखा है – बिहार के आठ जिलों में बनेंगे नये हाइटेक थाना भवन।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केंद्र सरकार ने घरेलू कीमतों पर नियंत्रण के लिए इस वर्ष सितंबर तक चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया।

02. बिहार विधान परिषद की भोजपुर–बक्सर स्थानीय प्राधिकार सीट उपचुनाव की मतगणना जारी। जदयू के कन्हैया प्रसाद और राजद के सोनू राय समेत छह प्रत्याशियों की किस्मत का होगा फैसला।

03. राज्य सरकार इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहन खरीदने पर महिलाओं को प्रति वाहन एक लाख रुपये का अनुदान देगी।

04. और, पटना, अररिया, किशनगंज तथा कटिहार समेत प्रदेश के छह जिलों में आज होगा ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।